Long-Term Care Home Update

Community Newsletter

Lakeridge Health

अगस्त 2021

जश्न मनाने योग्य अगस्त

Ajax Pickering Hospital में वर्तमान में बनाए जा रहे नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम के लिए अगस्त का महीना बेहद रोमांचक रहा है। Lakeridge Health और उसके साझेदार Infrastructure Ontario और PCL Construction इस महीने होम का “टॉपिंग ऑफ” मनाएंगे। “टॉपिंग ऑफ” समारोह निर्माण स्थलों की एक परंपरा होती है जो यह दर्शाती है कि इमारत अपने चरम बिन्दु पर पहुँच गई है। Lakeridge Health में दीर्घ-कालिक देखभाल होम के लिए इसका यह मतलब है कि छठी और आखिरी मंज़िल बन कर तैयार हो गई।

हम टॉपिंग ऑफ समारोह के बारे में अधिक जानकारी अगले महीने के सामुदायिक न्यूज़लेटर में शामिल करेंगे। Lakeridge Health उन सैंकड़ों निर्माण पेशेवरों और टीम के सदस्यों को धन्यवाद कहना चाहता है, जिनकी वजह से यह महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा हो पाया है।

इस महीने बहुत से और भी रोमांचक घटनाक्रम हुए। एक क्रेन को अलग कर के कार्यस्थल से हट दिया गया, अब कार्यदल होम की खिड़कियां लगाना पूरा करेगा और बाहरी साइडिंग और छत डालने का काम जारी रखेगा।

इस महीने की गतिविधि और केवल आठ महीनों में होम का ढांचा तैयार होना, जनवरी के बाद से की गई अविश्वसनीय प्रगति का एक प्रमाण है, जब कार्यदल ने पहली बार खुदाई शुरू की थी। Ontario सरकार के त्वरित निर्माण पायलट प्रोग्राम ने नए दीर्घकालिक देखभाल होम को पारंपरिक निर्माण की तुलना में जल्दी पूरा करने में सक्षम बनाया है। जब होम 2022 में बन कर पूरा तैयार हो जाएगा, तब Durham Region में 320 दीर्घ-कालिक देखभाल बेड होंगे जहां वरिष्ठ नागरिकों एक आधुनिक, विशेषताओं से परिपूर्ण समृद्ध स्थान मिलेगा, जिसे वे अपना होम कह सकेंगे।

31 जुलाई 2021 को आखिरी छठी मंज़िल पर होता हुआ काम

अंधेरे से प्रकाश की ओर: सितंबर के लिए प्रतीक्षारत

हालांकि इमारत बाहर से होम जैसी लग रही है, लेकिन अभी निवासियों को सुरक्षित तरीके से होम में रहने के लिए आने से पहले इमारत के अंदर बहुत सा काम करना बाकी है। अगस्त 21 को इमारत का ढांचा बन कर तैयार होने के साथ ही, अब पूरा ध्यान होम के अंदर के ढांचे, नेटवर्क और कारीगरी पर केंद्रित हो गया है।

और विशेष तौर पर, होम में अस्थायी बिजली की जगह स्थायी बिजली आ जाएगी, और जनरेटरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि अब पूरी इमारत में बिजली और लाइटें हैं, जो कि घर के भावी निवासियों और टीम के सदस्यों के लिए सबसे बेहतर देखभाल और सुरक्षा के निर्माण के लिए आवश्यक चीजों से घर को भरने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्थायी बिजली होने से, इमारत की बहुत सी प्रणालियाँ ऑनलाइन लाई जा सकती हैं और पूरे फॉल भर उनका अच्छी तरह से परीक्षण किया जा सकता है। इसमें होम के फाइबर इंटरनेट कनेक्शन, एलेवेटर कार की स्थापना और लॉन्ड्री, रसोई और आपातकालीन जनरेटर उपकरण की डिलीवरी शामिल है।

समाचार में नया दीर्घ-कालिक देखभाल होम

Oshawa Express ने पिछले महीने होम की तेज़-रफ़्तार प्रगति पर एक कहानी रिपोर्ट की थी, जिसका शीर्षक था, ***Construction on long-term care home in Ajax on track (Ajax में दीर्घ-कालिक देखभाल होम का निर्माण सही प्रगति पर)।***

इतिहास का हिस्सा बनने के लिए आपका शुक्रिया!

इस महीने की शुरुआत में, Lakeridge Health ने Durham समुदाय को *दीर्घ-कालिक देखभाल होम के सामुदायिक नामकरण सर्वे* को पूरा करने के लिए आमंत्रित किया था। जैसे-जैसे Lakeridge Health में दीर्घ-कालिक देखभाल होम, पड़ाव पर पड़ाव पूरे किए जा रहा है, उसका नामकरण करना एक महत्वपूर्ण अगला कदम था और हमें जिसके लिए आपकी ज़रूरत थी।

जिन लोगों ने इस सर्वे में भाग लिया और होम का नाम रखने में अपने दृष्टिकोण बताने के लिए समय निकाला, उन सभी को **धन्यवाद!** यह नई सुविधा Durham के वरिष्ठों के लिए एक ऐसा स्थान होगा जिसे वे "होम" कह सकेंगे और पूरे क्षेत्र के सैकड़ों स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के लिए एक कार्यस्थल होगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहत हैं कि यह नया होम और इसका नाम आपका - हमारे पड़ोसियों, टीम के सदस्यों, और समुदाय, का प्रतिबिंब हो- और आपके भावपूर्ण विचारों ने इसे साकार करने में मदद की है।

Lakeridge Health की टीम अब सर्वे के नतीजों की समीक्षा करने में जुटी हुई है और हम निकट भविष्य में समुदाय के साथ होम का नाम साझा करने के लिए प्रतीक्षारत हैं।

संपर्क में रहें

होम की प्रगति के बारे में ताज़ा जानकारी पाना चाहते हैं? **अपना नाम और ईमेल एड्रैस AjaxLTC@lh.ca पर ईमेल कर हमारी ईमेल सूची में अपना नाम जोड़ें।** आपको ताज़ा जानकारी और खबरें सीधे अपने ईमेल इनबॉक्स में मिल जाएंगी!

यदि इस दौरान आपके कोई सवाल हैं या आप अतिरिक्त जानकारी चाहते हैं, तो कृपया **lakeridgehealth.on.ca** पर हमारी वेबसाईट पर जाएं, या **905-576-8711 एक्सटेंशन 34167** पर कॉल करें या **AjaxLTC@lh.ca** पर ईमेल करें। आप हमें Twitter और and Facebook पर फॉलो भी कर सकते हैं।